हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 10 अप्रैल 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

### बेटियों के बाद बेटे की लालसा नहीं

*परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह अपने घर की बेटियों को ही अपनी दुनिया मानते हैं। उन्हें अपना बेटा मान चुके हैं। उन्हें अब बेटे की लालसा नहीं है। देखा जाता है कि अक्सर लोग बेटे की चाहत में परिवार बढ़ा लेते हैं। लेकिन हम जिन परिवारों से मिले उन्होंने इस दिशा में खास जागरूकता दिखाई है। जुड़वा बेटियां होने के बाद भी उन लोगों ने बेटे की लालसा ना करते हुए परिवार नियोजन भी करवा कर एक और प्रेरक संदेश दिया है।*

### बेटी है तो कल है की थीम पर मनाई जाती है दिवाली

*हम आपको यह भी बताते चलें कि जगन्नाथपुर में ही यादव परिवार द्वारा बेटी है तो कल है की थीम पर दिवाली में लोगों को बेटी बेटा में फर्क दूर करने के लिए जागरूक किया जाता है। इस परिवार की बेटी वैष्णवी की माता माधुरी यादव ने कहा कि बेटियों का सम्मान सिर्फ नवरात्र में नहीं बल्कि हमेशा होना चाहिए। आज देखते हैं कि बेटियों के साथ कई तरह के अपराध घटित होते हैं। लोग नवरात्रि पर बेटियों की पूजा करते हैं। कन्या भोज करते हैं। लेकिन बाकी समय में भूल जाते हैं कि वह शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की ही रूप हैं। बेटी बेटा में फर्क करना जिस दिन लोग बंद करेंगे एक सकारात्मक बदलाव आएगा। लोगों में बेटियों के प्रति सच्ची और अच्छी भावना होनी जरूरी है।*

# जुड़वा बेटियों के माता-पिता स्वयं को मानते हैं धन्य, नवरात्रि पर छलक रहा उत्साह

लाटाबोड़ ▶▶| असवन साहू

कहते हैं जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। इस नवरात्रि में हम एक ऐसे गांव की कहानी बता रहे हैं, जो अब जुड़वा बेटियों का गांव बनता जा रहा है। यह गांव है बालोद ब्लाक अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर। जहां पर चार परिवारों में जुड़वा बेटियां हैं। ये परिवार, समाज को बेटी बेटा में फर्क दूर करने का संदेश देते हैं। इन परिवारों को बेटे की लालसा नहीं है। कई दंपत्ति ने तो जुड़वा बेटियों के बाद परिवार नियोजन भी करवा लिया है। जगन्नाथपुर गांव की यह प्रेरक कहानी हम आपको बता रहे हैं ताकि समाज में एक बदलाव आए और बेटी व बेटे में जहां कहीं रूढ़िवादिता अंतर देखने को मिलता है, उसे दूर किया जा सके। जुड़वा बेटियों वाले परिवार के लोगों में बेटियों के प्रति खास लगाव देखने को मिला।

- बालोद विकासखंड के ग्राम जगन्नाथपुर में बेटियों को मानते हैं देवी का स्वरूप

#### नवरात्रि में हुईं चांद व चांदनी



जुड़वा बेटियां चांद और चांदनी के पिता परमानंद साहू ने कहा कि बेटी-बेटा में कोई अंतर नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे खुशी होती है कि मेरे घर में परियां रहती हैं। उन्होंने बताया कि यह इत्तेफाक ही है कि लगभग 9 साल पहले नवरात्रि के पहले दिन ही उनके यहां दो जुड़वा बेटियां पैदा हुईं। नवरात्रि उनके लिए हर साल यादगार होती है। वह अपनी दोनों जुड़वा बेटियों को मां दुर्गा का अवतार मानते हैं।

#### जागृति व जिज्ञासा से जीवन में आई खुशियां




जागृति और जिज्ञासा दो जुड़वा बेटियों की माता नेम बाई देशमुख का कहना है कि उनकी शादी के 20 साल बाद उन्हें संतान सुख प्राप्त हुआ। भगवान ने उनकी सूनी गोद भर दी और दो जुड़वा बेटियां उन्हें प्राप्त हुईं। नेम बाई ने कहा कि हमारी बेटियां होने के बाद हमें बेटे की कोई लालसा नहीं है और हमने परिवार नियोजन करवा लिया है। जागृति और जिज्ञासा के आने से हमारा जीवन खुशियों से भर गया है।

#### भारती व भावना



चुनेश्वरी बाई, भारती और भावना दो जुड़वा बेटियों की मां हैं। वह कहती हैं कि बेटी है तो दुनिया कायम है। इस संसार में अगर बेटियां नहीं होंगी, तो दुनिया कैसे चलेगी। बेटियां तो दो कुल का मान बढ़ाती हैं। बेटी बेटा में कोई फर्क किसी को नहीं करना चाहिए। मुझे बेटियों की मां होने पर गर्व है। नवरात्र आता है तो बेटियों के प्रति सम्मान और बढ़ जाता है। मां दुर्गा का आशीर्वाद सदा मेरी बेटियों पर बना रहे।

#### शिवांग और शिवन्या




शिवांगी और शिवन्या साहू नाम की दो बेटियों के पिता घनश्याम साहू ने कहा कि उन्हें शादी के लंबे समय के बाद संतान सुख प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी दो जुड़वा बेटियों के कारण घर में रौनकता आ गई। माता रानी का आशीर्वाद हमें प्राप्त हो गया। मैं बहुत खुश हूं कि मेरी दो जुड़वा बेटियां हैं। इन्हीं के वजह से घर में खुशियां लौटी है। बेटा बेटी सब बराबर है।

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## आफत की बारिश : सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश से तरबतर हुआ जिला

# रातभर झमाझम बारिश, बिजली के खंभे गिरे ट्रांसफार्म में हुआ ब्लास्ट, अर्जुंदा में ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोमवार रात से मंगलवार सुबह करीब 7 बजे तक जिले में हुई झमाझम बारिश से जिला तरबतर हो गया। इस दौरान अंधड़ के साथ बादल गरजने और बिजली कड़कने से भारी नुकसान हुआ है।

अर्जुन्दा क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई तो वहीं जिला मुख्यालय में अंधड़ से फुटपाथ पर लगने वाली अस्थाई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके साथ ही विद्युत पोल भी गिर गया, जिसके कारण करीब दो घंटे तक बिजली बंद रही। वहीं, ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने से ट्रांसफर में लगे कई कीमती सामान खराब हो गए। इसके साथ ही बिजली गुल हो गई। जिले के बालोद तहसील में 3.2 मिली मीटर वर्षा हुई, तो वहीं गुरुर तहसील में 3.0 मिली मीटर वर्षा, गुण्डरदेही 19.6 मिली मीटर, डौंडी 16.4 मिली मीटर, डौंडीलोहारा 14.1 मिली मीटर, अर्जुन्दा 7.7 मिली मीटर तथा मारएँ बंगला देवरी में 2.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। इस तरह जिले में औसतन 9.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।









### विद्युत पोल और 11 केव्ही के मुख्य तार जर्जर

मंगलवार को तड़के सुबह हुई बारिश का असर ऐसा रहा कि नयापारा में एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इसके साथ ही विद्युत पोल भी गिर गया, गनीमत रही कि जिस जगह पर विद्युत पोल गिरा उसके आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, विद्युत आपूर्ति के लिए बिछाई गई 11 केव्ही की तार कभी भी टूट जाने की घटना आम बात है, जिसे बनाने में विद्युत कर्मियों को घँटों समय लग जाता है।

### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

ज्ञात हो कि विद्युत विभाग द्वारा साल भर में कई बार मेंटेनेंस कार्य किया जाता है। मेंटेनेंस के नाम पर कई घंटों बिजली बंद करके विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने का दावा किया जाता है। लेकिन वर्षों पुराने 11 केव्ही का तार आज भी लटक रहे हैं और उसी के माध्यम से विद्युत सप्लाई की जा रही है। नतीजा यह है कि तेज हवाओं व बारिश होने पर तार टूटने और पोल टूट कर गिर जाने की घटना अक्सर सामने आती है। ऐसे में पुराने विद्युत पोल और जर्जर हो चुके 11 केव्ही की तार को बदल कर नया लगाने की आवश्यकता है, ताकि शहर में विद्युत तार की ऊंचाई भी बढ़ेगी और तार टूटने की घटना कम होगी।

## बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

**डौंडीलोहारा।** द्रोणिका के असर से मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण नगर सहित क्षेत्र में बीती रात हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसानों के फसल को काफी नुकसान हुआ है। सोमवार सुबह से ही क्षेत्र का मौसम खराब हो गया था। अलसुबह रिमझिम बारिश के बाद धूप-छांव का खेल चलता रहा। सोमवार को देर रात करीब 11 बजे गरज-चमक के साथ बारिश प्रारंभ हुई, जो सुबह 6:30 तक चलती रही। रात्रि 1 बजे के करीब तेज गरज चमक के साथ बारिश व बड़े साइज के ओले गिरे। ओलावृष्टि के कारण लगे हुए टमाटर के पौधों को काफी नुकसान हुआ।

**मुआवजे की मांग :** किसानों ने कृषि विभाग से अपने फसल के मुआवजे के लिए गुहार लगाई है।हार्टिकल्चर विभाग के एसएचडीओ ने बताया कि इस संबंध में किसानों के द्वारा कोई भी सूचना नही मिली है। वहीं बीमा होने से बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति मिलती है। तहसीलदार गोविंद सिन्हा ने बताया कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आंकलन कराया जाएगा। तैतीस प्रतिशत से अधिक के नुकसान की स्थिति में राजस्व से मुआवजा राशि का प्रावधान रहता है। वहीं कृषि विभाग के केएल कोठारी ने बताया कि वर्तमान बारिश व ओलावृष्टि से धान, गेंहू आदि फसल के नुकसान की सूचना अभी तक नही मिली है।





### बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से सब्जियों की फसल बर्बाद

डौंडीलोहारा ब्लाक से लगे गांव खैरीडीह में सब्जी किसान पोषेन्द्र सिन्हा ने अपने फार्म के 3 एकड़ में टमाटर, 2 एकड़ में बैगन और 2 एकड़ में मक्का लगाया है। टमाटर की फसल तैयार थी और एक-दो दिन में तुड़ाई होनी थी। बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि से टमाटर का फसल पूरी तरह से खराब हो गया। टमाटर की फसल काफी अच्छी थी, इस हिसाब से किसान को कम से कम 5 से 6 लाख का नुकसान हो गया। इसी प्रकार गोपाल सोनकर ने अपनी बाड़ी में 2 एकड़ में खरबूजा लगाया था, वह भी नष्ट हो गया। टेकराम देवांगन के फार्म में लगा उच्च क्वालिटी का आम फसल बर्बाद हो गया।

## अंधड़-बारिश के बीच बत्ती गुल अंधेरे में डूबे रहे अनेक इलाके

**दल्लीराजहरा।** नगर सहित क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दल्लीराजहरा नगर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में सोमवार, मंगलवार की रात तेज हवा के साथ बारिश हुई। कई स्थानों पर तार टूटने से रात भर विद्युत आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। वहीं लोग चैन से सो नहीं पाए। रात में हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन उमस बरकरार रही। लगातार एक हफ्ते से तेज धूप तथा लू से लोगों को एक-एक पल बिताना मुश्किल हो रहा था। पारा 42 डिग्री के पार चला गया था। सोमवार की रात तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश होने का असर मंगलवार को दिखा। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। तापमान पर नजर डाला जाए तो अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 63 प्रतिशत रही। जबकि आठ किमी की रफ्तार से हवा चल रही थी। बारिश होने से किसानों के चेहरे पर चमक दिखने लगी है। किसानों की मानें तो तापमान में कमी आने से धान की नर्सरी का ग्रोथ तेजी से होने लगेगा।

- दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में तेज हवा के साथ हुई बारिश

### अचानक बदला मौसम, छा गए बादल

सोमवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। अप्रैल के 42 डिग्री तापमान के बीच अचानक सुबह-सुबह आकाश पे बादल छा गए। देखते ही देखते अंधेरा हो गया और इसी के साथ तेज हवाएं चलने लगी। कुछ ही देर में बारिश होने लगी। ऐसे ही तेज रफतार में तूफान और बारिश के साथ ओले गिरे थे। गर्मी का अहसास करने लगे थे कि अचानक मौसम परिवर्तन हो गया। एक ही दिन के मौसम बदलने से बारिश काल जैसा नजारा हो गया। तेज गर्मी की जगह लोगों को बारिश देखने को मिला। इस दौरान सड़कों पर चलने वाले वाहनों के पहिए जहां के तहां थम गए। लेकिन कुछ ही देर बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई। वैसे मंगलवार का दिन बादल के लुका छिपी से चलता रहा, जिसके कारण गर्मी का अहसास कम हुआ।



### मेन केबल टूटा

मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी ब्लाक क्षेत्र के साल्हे सिंगनवाही कोकान घोटिया खललारी आदि गांव में सोमवार और मंगलवार की रात तेज हवा के साथ बारिश होने के चलते मेन केबल टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स की हुई बैठक

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में किया गया। बैठक में मुख्य अथिति ईश्वर प्रसाद साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ बालोद डॉ. आरएम चवाड़ा ने किया। विशेष अथिति एमएल धनकर, दूलसिंग यादव, डब्लूआर वानखेड़े, रम्भा मंडावी की आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते प्रदान किये जाने की जानकारी दी गई, साथ ही होली मिलन का भी आयोजन किया गया।

### सरपंच के मकान से भेड़ और बकरियां चोरी

**भिलाई।** सरपंच के घर से बकरिया व भेड चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम-गुजरा के सरपंच पितांबर पटेल खेती किसानी के साथ बकरी,बकरा, भेड का पालन भी करता है। उसके के पास 75 बकरी,बकरा भेड है। इसे चराने के लिए विदेशी ठाकुर नाम के कर्मी को काम पर रखा है। शनिवार को विदेशी ठाकुर ने बकरियों व भेड को चराने ले गया। शाम 5 बजे घर लौटकर बाड़े के भीतर भेड बकरियों को बांधकर चला गया। रात को सरपंच समेत परिवार सोए हुए थे।

## बारात के लिए बसें नहीं मिलने से वैवाहिक कार्यक्रम हो रहे प्रभावित

# चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जा रहे यात्री वाहन, विवाह की तिथि आगे बढ़ा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लोकसभा चुनाव के लिए बसों और छोटे-बड़े वाहनों के अधिग्रहण करने के कारण बारात में जाने वाले लोगों को वाहन नहीं मिल रहे है। बारात जाने में होने वाली परेशानियों को देखते हुए अब कई परिवार वाले विवाह की तिथि आगे बढ़ाने लगे हैं। उनका कहना है कि अब लोकसभा चुनाव के बाद ही विवाह करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दल्लीराजहरा सहित संपूर्ण बालोद जिले में चुनाव कार्य में छोटे-बड़े वाहन भी लगेंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा बसों व छोटे-बड़े अन्य वाहनों का अधिग्रहण किया जाने लगा है। इसके कारण विवाह कार्यक्रमों के दौरान बारात व चौथिया के लिए वाहनों की मारामारी होने लगी है। वहीं, दूसरी ओर परिवहन विभाग ने अधिग्रहित वाहन स्वामियों के विरुद्ध एफआईआर व रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की चेतावनी जारी की है। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर चलने वाले यात्री बसों का अधिग्रहण करने का कार्य अप्रैल से शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए करीब 500 वाहनों की जरूरत होगी। ऐसे में इस दौरान छोटे वाहनों का भी टोटा हो जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार इस बार सात सीटर वाहनों को भी चुनाव कार्य में लगाया जा रहा है। जिले के इन वाहनों का अधिग्रहण होने के साथ लोगों की परेशानी बहुत अधिक बढ़ जाएगी। क्योंकि, इसी दौरान शादियों के लिए साल का सबसे ज्यादा मुहूर्त है। अप्रैल में 18 से 26 अप्रैल तक सबसे ज्यादा शादियां होंगी।



### चुनाव के लिए 500 वाहनों की आवश्यकता

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव में दलों की मतदान केंद्र तक आने-जाने, विभिन्न अधिकारी, सेक्टर प्रभारियों के लिए करीब 500 यात्री बसें और छोटे-बड़े वाहनों की आवश्यकता होगी। इसमें कुछ वाहनों को रिजर्व भी रखा जाएगा।

### मतदान दिवस पर दिया जाएगा सवैतनिक अवकाश

**बालोद।** कारखानों एवं संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रथम चरण के मतदान तिथि 19 अप्रैल को एवं द्वितीय चरण के मतदान तिथि 26 अप्रैल तथा 07 मई को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। प्रभारी श्रम पदाधिकारी संगीता नेताम ने बताया कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02—02 घण्टे का अवकाश दिया जाएगा। जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया में संचालित होते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी—बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। मतदान करने की सुविधा सभी दैनिक वेतनभोगी, आकस्मिक कार्यरत श्रमिक को भी प्रदान किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने बनाई प्रदेश स्तरीय संवाद एवं संपर्क समिति

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने कांग्रेस ने संवाद और संपर्क कमेटी बनाई है। पूर्व विधायक धनेंद्र साहू इसके संयोजक बनाए गए हैं। 14 सदस्यीय कमेटी में पूर्व मंत्री और नेता भी शामिल हैं। कमेटी के सदस्य कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे ।पीसीसी के द्वारा जारी सूची में जिन नेताओं को संवाद कमेटी में रखा गया है उनमें धनेंद्र साहू, मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा, मोहम्मद अकबर, जयसिंह अग्रवाल, अनिला भेंडिया, उमेश पटेल, धनेश पाटिला, गुरुमुख सिंह होरा, राजेंद्र तिवारी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पदमा मनहर और आदितेश्वर शरण सिंहदेव शामिल हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर धरसींवा विधानसभा के कचना में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता व भाजपा के संस्थापक सदस्यों को माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया गया। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में पार्टी के 45 वर्षों के कार्यकाल पर विशेष चर्चा की और संघर्ष को याद करते हुए पार्टी के नेताओं को याद किया। साथ ही आने वाले समय में सेवा व समर्पण को ही प्रथम मानकर कार्य करने का प्रण लेते हुए नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य रोबिन साहू, पार्षद गोपेश साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी मुकेश साहू, बूथ के अध्यक्ष नवीन वर्मा, किशोर साहू, दिलीप साहू, राकेश मारकंडे, हार्दिक साहू, करण साहू, सूरज पटेल आदि उपस्थित रहे।

### सिंधी साहिती बिरादरी मंडल आज मनाएगा चेट्रीचंड्र

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों की गत दिनों बैठक हुई। उपस्थित सभी लोगों ने चेट्रीचंड्र पर्व 10 अप्रैल को शानदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में सभी सदस्यों और समाज का सहयोग जरूरी है। इस संबंध में प्रभारी अनिल हेमानी, राजेश बिधानी ने बताया कि 2 अप्रैल को बस्तियों में पहुंचकर बिस्किट, मिठाई बांटी गई। इसी प्रकार 5 अप्रैल को वृद्धाश्रम, 8 को प्रेरणा ब्लैंड स्कूल हीरापुर में कार्यक्रम किया। अब 10 को जयस्तंभ चौक पर शोभायात्रा का स्वागत कार्यक्रम होगा। इसी दिन शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में दिलीप इसरानी, सुनील अजवानी, हरि इसरानी, शंकर दानवानी, सतीश छुगानी, अशोक खूबचंदानी, नरेंद्र हरचंदानी, मनोहर छुगानी, हरीश अबिचंदानी, नरेश दानवानी आदि उपस्थित रहेंगे।

### नव नियुक्त राज प्रधान सांसद विजय से मिले, लिया आशीर्वाद और मार्गदर्शन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटनराज का सामाजिक चुनाव हुआ। जिसमें राजप्रधान के पद पर युगल किशोर आडिल नवनियुक्त हुए है। जीत के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आज सबसे पहले दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल से मिलकर आशीर्वाद लेने निज निवास सेक्टर-5 भिलाई पहुंचे। सभी पदाधिकारियों ने सांसद जी से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सांसद ने सभी को मिठाई खिलाकर सबका मुंह मीठा करके सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। समाज की बागडोर युवा हाथों में है यह बहुत अच्छी बात है। समाज को मजबूत कर सही दिशा में ले जाए। युवाओं को समाज से जोड़कर रखे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करें और हम सबका साथ आशीर्वाद आप सब के साथ है। इस अवसर पर राकेश आडिल, आशीष बंछोर, लुकेश वर्मा, मोहिनी जवाहर नायक, उत्तम कश्यप, शंकर वर्मा, खूबचंद वर्मा, कृष्णा वर्मा, गोपाल कृष्णा वर्मा, डाकेश्वर परगनिहा, सहित आदि लोग शामिल रहे।

# रजिस्ट्री शुल्क से भरेगा सरकार का खजाना, राजस्व का नया लक्ष्य हो सकता है 30 से 40 प्रतिशत ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व का एक बड़ा जरिया पंजीयन कार्यालयों में मकान, जमीन आदि की रजिस्ट्री से मिलने वाला शुल्क होता है। छत्तीसगढ़ में पिछले वित्तीय वर्ष में इस मद से राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य करीब ढाई हजार करोड़ रुपए प्राप्त किया गया था। अब अप्रैल से शुरू हुए नए वित्तीय वर्ष में सरकार को पंजीयन से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होना तय है। दूसरी ओर यह संभावना भी बताई जा रही है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य 30 से 40 प्रतिशत कर बढ़ाया जा सकता है।

## पिछले साल मिला था करीब ढाई हजार करोड़ रुपए राजस्व

### पिछले साल 2458 करोड़ मिले थे

*पंजीयन कार्यालय के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार को 2 हजार 458 करोड़ रुपए का राजस्व प्रदेश भर में पंजीयन से प्राप्त हुआ था। लेकिन इस वित्तीय वर्ष में इससे अधिक राजस्व मिलने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने नए वित्तीय वर्ष के लिए अभी राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। लेकिन लक्ष्य का निर्धारण इसी महीने तक किए जाने की संभावना है।*



### पंजीयन शुल्क भी लगेगा चार प्रतिशत

छत्तीसगढ़ में रजिस्ट्री का वर्तमान पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत है। बताया गया है कि इस दर में भी वृद्धि हुई है। पूर्व में मकानों की रजिस्ट्री में 75 लाख से कम के सौदे पर 2 प्रतिशत शुल्क लगता था। इससे अधिक का होने और व्यावसायिक भवन की रजिस्ट्री के लिए चार प्रतिशत शुल्क का प्रावधान था। अब सरकार ने सभी तरह की रजिस्ट्री के लिए चार प्रतिशत शुल्क अधिरोपित किया है। जानकारों के मुताबिक इससे भी सरकार को पहले के मुकाबले अधिक राजस्व प्राप्ति होगी।

### रजिस्ट्री हुई है महंगी

राज्य में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए की जाने वाली रजिस्ट्री नए वित्तीय वर्ष से मंहगी हुई है। पूर्ववर्ती सरकार ने गाईड़लाईन दर में जो 30 प्रतिशत की छूट लागू की थी, वह 31 मार्च को समाप्त हो गई है। यह इसलिए क्योंकि मौजूदा सरकार ने इस छूट आगे जारी नहीं रखा है। इस हिसाब से देखा जाए तो यह छूट समाप्त होने के बाद रजिस्ट्री में पहले के मुकाबले 30 प्रतिशत राशि अधिक लगेगी। हालांकि सरकार का ये दावा भी है कि छूट समाप्त होने से राज्य के किसानों को जमीन अधिग्रहण के मामलों में लाभ मिलेगा।

## भाजपा ने शराब घोटाले को बनाया था चुनावी हथियार

# शराब घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले भूपेश- भाजपा सिर्फ झूठ फैला रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के कथित शराब घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश से राज्य की सियासत इस मामले को लेकर एक बार फिर गरमाई है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश सामने आने के बाद राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस भाजपा और ईडी पर हमलावर हो गई है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आज सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से साफ़ हो गया है कि भाजपा सिर्फ़ झूठ फैला रही थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा है- ईडी का शर्मनाक राजनीतिक दुरुपयोग साबित हुआ और मोदी सरकार बेनकाब हुई। सुप्रीम कोर्ट के आज के फ़ैसले से साबित हो गया है कि ईडी भाजपा के इशारे पर हर मामले को मनीलॉण्ड्रिंग का मामला बनाकर विपक्षी दलों को बदनाम करने की साजिश रच रही है।



ऐन विधानसभा चुनाव से समय ईडी ने शराब घोटाले का मामला दर्ज किया और भाजपा को चुनावी हथियार दिया। भाजपा ने पूरे चुनाव में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने की कोशिश की। आज सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से साफ़ हो गया है कि भाजपा सिर्फ़ झूठ फैला रही थी। भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम करने का यह षडयंत्र खुल गया है। जनता देखेगी कि और जो भी मामले कांग्रेस को बदनाम करने के लिए खड़े किए गए हैं, वो भी इसी तरह से धराशाई होंगे। यह सही समय है जब ईडी जैसी जांच एजेंसियों को भी समझना चाहिए कि उनकी प्रतिबद्धता संविधान के प्रति होनी चाहिए, वे किसी राजनीतिक खेल का हिस्सा न बनें।

### कांग्रेस ही नहीं, इंडिया गठबंधन के दलों की छवि खराब करने ईडी षड़यंत्र कर रही

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से यह साबित हो गया कि छत्तीसगढ़ में कोई शराब घोटाला हुआ ही नहीं था। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा को चुनावी मुद्दा देने के लिये केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी ने यह सारा षड़यंत्र रचा था। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला दूरगामी है, ईडी ने छत्तीसगढ़ में अनेक मामलों को षड़यंत्रपूर्वक रचा है, कोयला घोटाला, महादेव एप्प मामले की भी ऐसी ही हवा निकलेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस तो शुरू से कहती थी कि छत्तीसगढ़ में ईडी भाजपा के राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये कांग्रेस की तत्कालीन सरकार की छवि खराब करने भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही थी। अदालत के फैसले से यह साबित भी हो गया। कांग्रेस ही नहीं देशभर में विरोधी दलों विशेषकर इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं को परेशान करने उनकी राजनैतिक छवि खराब करने का काम ईडी कर रही है। मनगढ़त आरोपों पर विपक्षी नेताओं के खिलाफ मुकदमें दर्ज किये गये तथा गिरफ्तारियां भी की गयी हैं। ईडी भाजपा का राजनैतिक हथियार बन चुकी है। ईडी के पत्र के आधार भी छत्तीसगढ़ में एसीबी और ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज किये गये मुकदमे की वैधानिकता पर भी सवाल खड़ा हो रहा है।



■ सुप्रीम कोर्ट ने माना छत्तीसगढ़ में कोई शराब घोटाला हुआ ही नहीं- सुशील

### मोदी एक बार फिर से जुमलेबाजी करके गये

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोदी एक बार फिर जुमलेबाजी करके निकल लिये। जैसे हमने पहले कहा था मोदी छत्तीसगढ़ आकर सस्ता प्रचार पाने प्रलाप करेंगे, उन्होंने किया। छत्तीसगढ़ की जनता समझ गई है कि प्रधानमंत्री सहानुभूति पाने नौटंकी करेंगे, लेकिन सच नहीं बालेंगे। झूठ बोल कर जनता की सहानुभूति हासिल करना मोदी का पुराना शगल है। छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री ने अपने पुरुषार्थ और कामों के आधार पर वोट मांगने का साहस नहीं दिखाया। उनके पास अपने काम बताने को कुछ नहीं था। झूठ बोलने की आदत से मोदी सिद्धहस्त हो चुके हैं।



## भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ दुष्प्रचार का आरोप, लिखाई रिपोर्ट



**बालोद।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज के खिलाफ झूठी और कूटचरित आरोप लगाकर सोशल मीडिया में फैलाने का आरोप लगाते हुए पार्टी नेताओं ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171, 469, 471, 500 अंतर्गत कार्रवाई की मांग को लेकर बालोद थाने में रिपोट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज कराने वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन के साथ अन्य भाजपा नेताओं ने कोतवाली थाना पहुंचकर आचार संहिता के बीच चुनाव को प्रभावित करने तथा विरोधी प्रत्याशी के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी की छवि को धूमिल करने की नियत से भ्रामक पोष्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## स्काउट-गाइड दूधली ने किया प्याऊ का शुभारंभ




**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुधली के स्काउट एवं गाइड, रोवर, रेंजर ने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ कर सभी को मीठा शरबत पिलाया। प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने स्काउट गाइड का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्काउट गाइड का यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है। स्काउट प्रभारी मिलन सिन्हा के निर्देशन में सेवा के बहुत कार्य किए हैं। कुकुर देउर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान, टीकाकरण अभियान में रैली निकालकर जन जागरूकता फैलाना आदि। ये स्काउट राज्य पुरस्कार जांच शिविर में भी झांकी अभनपुर में भागीदारी करेंगे। स्काउट में राजवीर भट्ट,चंदन कुमार,भूपेश ,बालकृष्ण ,गाइड से ईसिका, भूमिका,हर्षिता, रेंजर लीडर रेखा ठाकुर गाईड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रोवर लीडर आर एन राणा तथा सभी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

*आयुक्त ने जल विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश*

# पेयजल संकट से निपटने शहर में 11 जगहों पर बोरवेल खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का जल विभाग शहर के 11 चिन्हांकित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिये तत्काल बोरवेल खनन करायेगा। इसके लिए निगम से अनुबंधित ठेकेदारों को कार्य आदेश जारी कर बोरवेल खनन करने निर्देश दिये गये हैं। शहर में पानी की किल्लत से जूझ रहे नगर निगम जोन 1 के पार्वती नगर में लोगों की प्यास बुझाने नया बोरवेल खनन कराया जायेगा। साथ ही जोन 3 के शंकर नगर वार्ड स्थित मधु पिल्ले चौक शांतिनगर, जोन 6 के गणेश चौक , कुकरीपारा बस्ती और भाठागांव के सिमरन सिटी में पेयजल संकट दूर करने बोरवेल खनन जल्द शुरू होगा। नगर निगम जोन 8 स्थित सोनडोंगरी के बीएसयूपी आवासीय



कालोनी में लोगों को सुगम पेयजल आपूर्ति कराने जोन 8 के माध्यम से बोरवेल खनन कराने निर्देश जारी हुये हैं। इसी तरह जोन 9 के लभांडी इलाके की आदर्श संकल्प सोसायटी फेज 2 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासीय परिसर के 322 परिवारों को साफ पानी उपलब्ध कराने बोरवेल खनन कराया जा रहा है। इसके साथ ही बेलर पारा और साहूपारा बस्ती में पेयजल संकट से निपटने बोरवेल खनन कराया जायेगा।

### फुंडहर के वूमन हास्टल आमासिवनी के स्कूल में बोर खनन

*नगरनिगम के जोन 9 क्षेत्र के विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित गांव फुंडहर में नगर निगम द्वारा कामकाजी महिलाओं के लिये बनाये गये हास्टल में पानी संकट से निपटने नया बोर खनन कराया जायेगा। वहीं आमासिवनी के सरकारी स्कूल परिसर में पानी की उपलब्धता के लिये नया बोरवेल खनन जल्द कराया जायेगा। संत राम दास वार्ड के कृष्णा नगर नाला के पास और कलिंग नगर बस्ती में पेयजल संकट दूर करने बोरवेल खनन के निर्देश दिये गये हैं।*

## नाली जाम करने वालों से निगम ने वसूला जुर्माना

**भिलाई।** निगम क्षेत्र के नाली को जाम करने वालों के विरूद्व कार्यवाही कर स्वास्थ्य अमले ने 14 हजार रूपया अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया। ताकि बरसात के दिनों में वर्षा जल जमा न हो इसे ध्यान में रखते हुए नपानिभि द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र के छोटे-बड़े नालियों की सफाई किया जा रहा है। नाली के उपर सामान रखकर अवैध निर्माण करने अथवा कचरा डाल कर चोक करने वालों के खिलाफ अर्थदण्ड की कार्यवाही भी किया जा रहा है। आयुक्त क्षेत्र भ्रमण कर सफाई कार्य का मानिटरिंग कर रहे है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सभी जोन आयुक्त प्रातः मैदानी क्षेत्रों में उतर कर सफाई कार्य करवा रहे है।

# चाकूबाजी में मारपीट की मामूली धाराएं दर्ज कर रही पुलिस, बढ़ रहे बदमाशों के हौसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदमाशों पर नकेल कसने पुलिस बड़े-बड़े दावे तो करती है, धरातल पर कार्रवाई करने की बात सामने आने पर पुलिस बदमाशों पर पूरी तरह से मेहरबान हो जाती है। खासकर चाकूबाजी की ज्यादातर घटनाओं में पुलिस मामूली मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है। रविवार देर रात आजाद चौक थाना क्षेत्र में रोड एक्सीडेंट के विवाद पर दो बदमाश ब्राह्मणपारा निवासी अभय मिश्रा के सीने में चाकू से दो गंभीर वार कर मौके से फरार हो गए, जिसे पुलिस ने बाद में पतासाजी कर गिरफ्तार किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मारपीट की धारा 323, जान से मारने की धमकी देने की धारा 506, 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा 34 के तहत अपराध दर्ज किया। ऐसे ही एक अन्य मामले में 29 मार्च को आपसी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक के गले पर चाकू से प्राणघातक हमला किया, उस मामले में भी पुलिस ने मामूली मारपीट की धारा में कार्रवाई की है। अभय के अनुसार सीने में चाकूबाजी की घटना में उसे सात टांके लगे हैं।

### रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय चलता कर दिया

*अभय के अनुसार घटना दिनांक को उसके घर के सामने दो दोपहिया में एक युवक तथा युवती सवार थे, दूसरे में उसे चाकू मारने वाले गजेंद्र श्रीकुर्म उर्फ बाबू तथा निहाल भोई सवार थे। उनकी बाइक एक-दूसरे से टकरा गई। बाइक टकराने की वजह से युवक, युवती तथा बाइक सवार बदमाश गिर गए। इसके बाद गजेंद्र तथा उसका साथी दूसरी बाइक सवार युवक के साथ विवाद करते हुए मारपीट करने लगे। इस बीच अभय मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराने की कोशिश की। इस बात से नाराज होकर बदमाश ने अभय के साथ मारपीट की। इसके बाद अभय घटना की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा, तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय अभय को थाने से चलता कर दिया। घर लौटते वक्त बदमाशों ने अभय पर चाकू से हमला किया।*





**केस 1**

आजाद चौक थाने में प्रमिला बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पड़ोस में रहने वाला मुकेश निषाद ने आपसी रंजिश पर हत्या करने की नीयत से गले में चाकू से जानलेवा हमला किया है। चाकू के हमले से मुकेश के गले में गंभीर जख्म आए हैं। बावजूद इसके पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर खानापूर्ति की। घटना 29 मार्च की है।

**केस 2**

पुरानी बस्ती थाने में पवित्र पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि दो बदमाशों ने उससे मोबाइल मांगा। इनकार करने पर बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में भी महज मारपीट का मामला दर्ज किया। घटना एक माह पुरानी 1 मार्च की है।

### जोड़ी जाएंगी धाराएं

आजाद चौक थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मांगी गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर टीआई को धारा बढ़ाने निर्देश दिए हैं।

**- संतोष सिंह,** एसएसपी रायपुर

### क्या कहते हैं विधिक जानकार

चाकूबाजी की घटना में पुलिस धारा 323 लगाती है, वह गलत है। आईपीसी की धारा 323 मामूली मारपीट की धारा है, चाकूबाजी में उक्त धारा नहीं लग सकती। चाकूबाजी में कम से कम आईपीसी की धारा 324 लगनी चाहिए, जो गैरजमानती है।

**- एसके फरहान, सीनियर क्रिमिनल लॉयर**

ज्यादातर मामलों में चाकूबाजी की घटना की रिपोर्ट लिखने के समय पुलिस अपनी शक्ति का दुरुपयोग करती है। कोर्ट में कई ऐसे मामले आए, जिसमें चाकूबाजी को लेकर पुलिस द्वारा दर्ज की गई धाराएं कोर्ट के आदेश के बाद बदली गई हैं।

**- भगवानू नायक, सीनियर क्रिमिनल लॉयर**

## भीषण गर्मी में मतदान कराएंगे कर्मचारी, होगी कड़ी परीक्षा

# गर्मी से राहत देने मिलेगी ठंडी हवा-पानी, थकान मिटाने गद्दे का भी इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी दिनों लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग का दिल भी पिघल गया है। चुनाव में कर्मचारियों को राहत देने तमाम तरह की सुविधा प्रदान करने की कवायद शुरू कर दी है। राज्य आयोग द्वारा जहां विधानसभा में प्रत्येक बूथ के लिए पन्द्रह सौ दिए गए थे, वही लोकसभा के लिए पांच हजार अतिरिक्त राशि दिए जाने से बूथों में कर्मियों को राहत देने जिला निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार दुर्ग संसदीय क्षेत्र में नौ विधानसभा सीट आते है। इन सीटो को मिलाकर यहां 2223 केन्द्र है, वही राज्य निर्वाचन आयोग ने अलग से 36 सहाय केन्द्र बनाए जाने की पहल की है। जिसके बाद संसदीय क्षेत्र में कुल 2259 बूथ हो जाएंगे। इन बूथों में गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ठंडा पानी देने मटकी, कुलर, बिजली व थकान मिटाने बूथों में कर्मियों के लिए गद्दे की व्यवस्था की जाएगी। यही नहीं रात में मच्छरों से राहत देने मसकिटो क्वाइल का इंतजाम किया जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि, आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक बूथ के लिए सिर्फ पन्द्रह सौ रूपए जारी किए गए थे, लेकिन लोकसभा में पांच हजार अतिरिक्त यानि 65 सौ राशि जारी किए जाने से गर्मी से राहत देने का दावा अफसर कर रहे है।

### पूरी सुविधा देंगे

बूथों में कर्मियों को पर्याप्त सुविधा मिलेगी। इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग की अगुवाई में तैयारियां की जा रही है।

-बजरंग दुबे
उप जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग



**बुजुर्ग टाटा मैजिक में सवार होकर आएंगे:** आयोग द्वारा विधानसभा में 85 प्लस बुजुर्गों को घर से ही वोटिंग देने की सुविधा दी गई थी। लेकिन इस बार लोकसभा में आयोग ने ऐसे बुजूर्ग जो बूथ आना चाहते है, उन्हें टाटा मैजिक वाहन के लिए लाया और वोटिंग के बाद छोडा भी जाएगा। इसके लिए प्रत्येक सेक्टर अधिकारियों को एक-एक टाटा मैजिक उपलब्ध कराया जाएगा।

**तीनों सीट की मतगणना भी यही होगी:** अफसरों ने बताया कि, विधानसभा में साजा, बेमेतरा में वोटिंग वही हुआ था। लेकिन इस बार दुर्ग मुख्यालय में साजा, बेमेतरा और नवांगढ के वोटों की गिनती होगी। इसके लिए मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उन जिलों से दुर्ग ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित लाया जाएगा। वहीं मतगणना के बाद उन्हें मशीने सुपूर्द की जाएगी।

### कलेक्टर की उपस्थिति में रेंडमाईजेशन

दुर्ग के लिए विधानसभाओं में उपयोग होने वाले ई.व्ही.एम. का प्रथम रेण्डमाईजेशन आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। जिले में उपलब्ध ई.व्ही.एम. बी.यू-3102, सी.यू-1875 एवं वीवी-पैट 2012 उपलब्ध है, जिसमें से प्रशिक्षण एवं जागरूकता हेतु बी.यू-100, सी.यू-100 एवं वीवी-पैट 100 पृथक किया गया है। रेण्डमाईजेशन पश्चात जिले में अतिरिक्त ईव्हीएम की संख्या बी.यू-1342, सी.यू-115 एवं वीवी पैट 114 सुरक्षित रखी जाएगी।

## नगपुरावासी पेयजल की समस्या से जूझ रहे, सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एडीबी द्वारा सडक चौडीकरण के पहले ही पीएचई विभाग में पेयजल की पाइप लाइन बिछाने करीब चालीस लाख रूपए जमा किया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी पीएचई विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा नही किया गया है। जिससे टंकियां नही भर पा रही है। इस समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने सोमवार को जिला प्रशासन से लिखित शिकायत कर समस्या का निदान करने ज्ञापन सौंपा है। पीएचई विभाग द्वारा पाइप लाइन डालने के काम को पुरा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण ग्राम नगपुरा में 30 दिन होने के बाद भी पीने कि पानी पानी टंकी में नहीं आ रहा है।

कुछ दिन पहले शिकायत करने पर पाईपलाइन का काम चालू किया गया था। उसके बाद काम बंद है। पीएचई विभाग के गलती एवं सुस्ती के कारण आम जनता पानी के लिए तरस रही है।

## खबर संक्षेप



### जेवरतला में की गई शनिदेव की प्राण-प्रतिष्ठा

**बालोद।** ग्राम जेवरतला में नम्मू राम सार्वा एवं पूनम चंद सार्वा की स्मृति में शनिदेव महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान विधि विधान से अनुष्ठान एवं यज्ञ किया गया। कार्यक्रम में जगदीश राम साहू, मिलो बाई साहू, भूपेश साहू, अंजू साहू, मोहनी साहू, कविता साहू, मिराया रानी, किरण साहू, दीपक साहू, सरोज साहू, तोषण साहू, दिनेश्वर साहू, उमेश सार्वा, खोरबहारा साहू एवं समिति के सदस्य तथा अन्य ग्रामीण जन पूजा स्थल पर मौजूद रहकर स्थापना में शामिल हुए।

### रेखा जीवनानी को मिली पीएचडी की उपाधि

**अंडा।** रेखा जीवनानी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से



कोविड 19 महामारी परिस्थिति में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यार्थियों के ऑनलाइन अध्ययन का उनके चिंतन शैली एवं शैक्षिक तनाव पर प्रभाव" शोध विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने अपनी पीएचडी डॉ. कविता वर्मा, सहायक प्राध्यापक शिक्षा संकाय, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-7, भिलाई नगर के निर्देशन में पूर्ण की। अपने शोधकार्य के परीक्षण में उन्होंने स्वनिर्मित उपकरण ऑनलाइन अध्ययन का प्रयोग किया, जो नेशनल साइकोलॉजी कॉरपोरेशन आगरा के मनोवैज्ञानिक परीक्षण कैटलॉक 2024 मे प्रकाशित हुआ। डॉ रेखा जीवनानी सहायक प्राध्यापक के रूप में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा, दुर्ग में कार्यरत हैं। वर्तमान में उन्होंने शिक्षा विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा को भी क्वालिफाई किया। डॉ. रेखा जीवनानी स्व. री रामचंद जीवनानी एवं मीरा जीवनानी की सुपुत्री हैं।

### प्राथमिक शाला दनिया में हुआ न्योता भोज



**बालोद/सिकोसा।** प्राथमिक शाला दनिया में तुरेन्द्र देशमुख ने अपनी भतीजी निकिता देशमुख की सहायक शिक्षिका बनने की खुशी में स्कूल के छात्र–छात्राओं को खीर-पूड़ी के साथ न्योता भोज कराया। इस न्योता भोजन का आनंद बच्चों ने लिया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए रजोली की 3 छात्राओं का चयन



**बालोद/कलंगपुर।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रजोली की तीन छात्राओं का चयन हुआ है। गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रजोली के तेजस्विनी, अनामिका, लेंसी का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति 2024–25 के लिए हुआ है। इन छात्रओं को शाला के प्रधान पाठक राजकुमार बारले, ओमप्रकाश साहू, सीमा शर्मा, ललिता बाघमार, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रूदा माधव सिंह धनकर, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बोदल रविशंकर यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आयोजन : ग्रामीण झेरिया साहू समाज मोहारा में कर्मा जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

# मां कर्मा की पूजा कर लिया आशीर्वाद समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्रामीण झेरिया साहू समाज मोहारा द्वारा कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्य जिला साहू संघ बालोद डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे, अध्यक्षता सदस्य जनपद पंचायत गुरुर मीना धनुष सार्वा ने की। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दीपधा बोधराय हिरवानी, उप सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दामोदर साहू, पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत मोहारा घनाराम साहू, कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोंदी कमलेश्वर सोनवानी, समाज सेविका मोहारा सरस्वती सार्वा द्वारा संपन्न हुआ।

कलश यात्रा का शुभारंभ कलामंच से होते हुए तीनों पारा के चौक चौराहे को भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचे और अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना करने के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं और 12वीं के





प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया। इसके साथ ही मोहारा के रक्तदान करने वाले युवाओं को मुख्य अतिथि डॉ गंजीर द्वारा गमछा एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया, वृद्ध जनों का भी सम्मान किया गया। यंतकिशोर साहू ने ग्रामीण साहू समाज की गतिविधियों के साथ ही प्रदेश की सामाजिक नियमावली की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम मे डॉ गोपाल साहू, भुषण लाल सार्वा, आरएस गंजीर, सुखीतराम नायक, संतराम निर्मलकर, संरक्षक हीरालाल पटेल, अध्यक्ष यंतकिशोर साहू लिलेश्वर सार्वा, उपाध्यक्ष रोमलाल सार्वा, महिला उपाध्यक्ष परमिला साहू, सचिव धर्मेंद्र तेल्यासी, सह सचिव वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष कुंवर दादर, तहसील प्रतिनिधि तुलाराम सार्वा, कमलेश्वर सोनवानी, युवा प्रकोष्ठ संतोष बनपेला, संतोष सार्वा, मोकम साहू, महिला प्रकोष्ठ राजकुमारी गंजीर, रुखमती गंजीर, कर्मचारी प्रकोष्ठ छगनलाल साहू, समाज सेवक केदार सोनवानी, शोभलाल सहाड़ा एवं पार प्रमुख, ग्रामीण साहू समाज मोहारा के सदस्य और ग्राम पंचायत मोहरा के पंचगन एवं ग्राम मोहरा के ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ पुरण लाल साहू और आभार सचिव धर्मेंद्र कुमार साहू ने किया।

### सामाजिक गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा युवा हों शामिल : डॉ गंजीर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधकर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को समाज की गतिविधियों में भाग लेना के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही ग्राम मोहारा के समस्त युवा साथियों को रक्तदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस कर्मा जयंती के अवसर पर सभी अतिथियों ने अपना अपना मंतव्य रखा।

## राशनकार्ड धारी हितग्राहियों के खाद्यान्न की पात्रता में बदलाव नहीं : कोरेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



भाजपा नेता शुभ सिंह कोरेटी ने बताया कि राशनकार्ड हितग्राहियों के खाद्यान्न की पात्रता में बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया में चल रही जानकारी को भ्रामक बताते हुए कहा कि पूर्व सरकार के मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता

- भाजपा नेता ने सोशल मीडिया में चल रही जानकारी को बताया भ्रामक

राशन कार्डधारियों को मासिक खाद्यान्न पात्रता 7 किलो से घटाकर 5 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह किए जाने संबंधी जानकारी सोशल मीडिया के जरिये दी गई है।

इस संबंध में उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा जारी नवीन राशनकार्ड के अंतिम पृष्ठ पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए निर्धारित मासिक खाद्यान्न पात्रता 5 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह को जानकारी प्रदर्शित की गई है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के वर्ष 2013 से लागू होने के चाद आज तक यथावत बनी हुई है। राज्य में पीडीएस के अंतर्गत प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार से प्राप्त चावल में राज्य के अतिरिक्त आवंटन को जोड़कर एक सदस्य वाले कार्डधारी को 10 किलो, 2 सदस्य वाले कार्डधारी को 20 किलो, 3 से 5 सदस्य वाले कार्डधारी को 35 किलो तथा 5 से अधिक सदस्य वाले प्राथमिकता कार्डधारी को 7 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह निःशुल्क चावल वितरण किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए खाद्यान्न को पात्रता में वर्तमान में कोई बदलाव या कमी नहीं की गई है तथा सभी प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को उपरोक्त पात्रतानुसार निशुल्क चावल का वितरण उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है।

## दल्लीराजहरा शहर के तालाबों में फैली जलकुंभी

**दल्लीराजहरा।** नगर के विभिन्न तालाबों में पानी की कमी होते ही जलकुंभी के साथ गंदगी भी फैल रही है जिसके कारण लोगों ने निस्तारी करना ही बंद कर दिया है। साफ-सफाई के अभाव में गंदगी फैलती ही जा रही है। लोगों का कहना है कि निस्तारी के लिए तालाबों को संरक्षित करने विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि शहर के वार्ड क्रमांक 5 शिव तलाब, वार्ड क्रमांक 2 का विशाल तालाब सहित अन्य तालाबों में जलकुंभी फैल गया है। जलकुंभी के कारण पानी प्रदूषित हो रहा है। वार्डवासी चरण साहू ,उपेंद्र कुमार, प्रकाश, महावीर, पायल, अंकित का कहना है कि शिव तालाब में कई साल से जलकुंभी ने अपनी जड़ें जमा ली हैं। सफाई नहीं होने से पूरे तालाब में यह फैल गया है। जलकुंभी को वजह से निस्तारी करने में परेशानी हो रही है। नहाने से



त्वचा में खुजली, चर्म रोग होने की शिकायतें मिल रही हैं। तालाब में हर तरफ जलकुंभी ही नजर आता है। शहर के रुक्मणि ध्रुव, रंजना विश्वर्मा, महेन्द्र साहू, सती बाई का कहना है कि तालाब के बड़े भाग में जलकुंभी फैली हुआ है। तालाब में स्नान करने से शरीर में खुजली होती है। इसे तालाब से हटाने नगर पालिका दल्ली राजहरा को पत्र लिखा गया है लेकिन इन दिशा में कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जलकुंभी में कीड़ा रहता है जो स्नान करते समय शरीर को काट लेता है जो बाद में फोड़ा का रूप धारण कर तेज खुजली होती है। चर्म रोग की शिकायतें आने पर वे तालाब में नहाना ही छोड़ दिए हैं। लोगों का कहना है कि जलकुंभी जलीय पौधा है जो तालाब में तेजी से फैलता है। अगर इसे साफ नहीं किया जाए तो ये तालाब को पूरी तरह से ढक लेता है। इससे तालाब में सूर्य का प्रकाश पानी तक नहीं पहुंच पाता और पानी काला होकर प्रदूषित हो जाता है। वहीं, पशुपालक विजय यादव, नितिन यादव का कहना है कि जलकुंभी के कारण गाय, भैंस को नहलाने में दिक्कत होती है। गाद के कारण पशु पानी में तैर नहीं पाते।

### कराई जाएगी सफाई

नगर के वार्ड क्रमांक 2 और 5 सहित विभिन्न तालाबों की साफ-सफाई कराई जाएगी। इसे लेकर कर्मचारियों को निर्देशित किया जाएगा।

- **शिबू नायर,** अध्यक्ष नगर पालिका

## हिन्दू नववर्ष हमें धर्म-कर्म का देता है संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में चैत्र नवरात्र प्रथम दिवस मंगलवार को हिंदू नववर्ष पर गोष्ठी का आयोजन हुआ।

साहू समाज तहसील उपाध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, नागरिक सुरक्षा सेवा समिति महिला विंग जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर, साहू समाज परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक एके जैन मंचासिन रहे। भारत माता, मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष पुष्प, तिलक, धूप अर्पित कर हिंदू नववर्ष पर गोष्ठी प्रारंभ किया गया। लोगों एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ. गुलाब साहू ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी भारत में हिंदू नववर्ष चौत्र नवरात्र प्रथम दिवस के बजाय अंग्रेजी नववर्ष 1 जनवरी मनाने में अधिक रुचि चिंतनीय और विचारणीय है। इसी कमी के चलते संस्कार बड़ी तेजी से गिरते जा रहा है। एके जैन एवं साहू समाज परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि शिक्षा, संस्कार, संगति, एकता और व्यक्तिगत पहचान कुशल जीवन की आधारशिला है। इन पांचों बातों पर माता-पिता को संतान के परिवरिश के समय हर संभव ध्यान देना चाहिए। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि संस्कृति की जानकारी बचपन से ही स्कूल और घर में प्रभावी ढंग से मिले तब संस्कार की उमदा बयार समाज, घर, परिवार, देश को लाभान्वित कर पाएगी। हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र हमें तप, साधना के साथ धर्म और कर्म का संदेश देती है। इस अवसर पर हथेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, दिलेशवरी साहू, प्रीति साहू, तेजेश्वरी साहू, तिलेश्मी नेताम, हीना साहू, चंद्रिका यादव उपस्थित थे।



### ग्राम अरकार में मनाया गया हिन्दू नववर्ष



**गुरूर।** अखिल भारतीय विहंगम योग संत समाज द्वारा भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, सदाफलाब्द 136, विक्रम संवत 2081, 9 अप्रैल को सम्पूर्ण भारत वर्ष में भारतीय नववर्ष पर एक बैनर, एक दिन, एक समय स्वर्वेद यात्रा ग्राम अरकार ब्लाक गुरुर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संयोजक मुकेश साहू के अलावा रमतू राम साहू, प्रांतीय प्रचारक लुत्तम साहू, सुभाष चौधरी, जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, जनपद सदस्य चांदनी देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष तुलसी राम साहू, तोरण साहू, रामनारायण साहू, चेतन यदु, प्रेम साहू, अंगद राम साहू, भीखम साहू, कुमार साहू उपस्थित थे।

## अपने खाते से राशि निकालने से मना किया तो बेटे ने मां को पीटा




**बालोद।** महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आरंभ की गई है, लेकिन उस पर भी घर के दूसरे सदस्यों की नजर पड़ गई एवं वे उस राशि का दुरुपयोग करने लगे हैं।

- कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरही की घटना

मामला ग्राम बरही का है, जहां प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना की राशि एक वृद्ध महिला के खाते में एक हजार रुपए अंतरण किया गया। इस राशि को उसके बेटे ने निकाल लिया और खर्च कर लिया। इसके साथ ही वर्तमान में शासन द्वारा मिल रहे मुफ्त राशन को भी उसने बेच दिया। ऐसा करने से वृद्ध महिला ने अपने बेटे को मना किया तो बेटे ने अपनी माँ की डंडे से बेदम पिटाई कर दी। उसे परिजनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद महिला अपने बड़े बेटे के घर बालोद में है। महिला की रिपोर्ट पर मारपीट करने वाले बेटे के खिलाफ कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरही निवास रेणुका बाई 65 वर्ष अपने बेटे योगेश कुमार बिझेकर के साथ रहती है। उन्होंने बताया कि बेटा योगेश काम–धाम नहीं करता और वह बैंक खाता में डाली गई महतारी वंदन योजना की राशि को खर्च कर राशन दुकान से मिले चावल को भी बेच दिया है। वृद्ध महिला अपने बेटे को ऐसा करने से मना किया तो बेटे ने आक्रोश में आकर डंडा से अपने माँ की पिटाई कर दी। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो महिला को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर योगेश के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जाँच में जुट गई है।

## अंडा स्कूल में 9वीं में प्रिया और 11वीं में झलक प्रथम



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नवमी में प्रिया जोशी 92 प्रतिशत के साथ प्रथम, होमेश टंडन द्वितीय तथा तुषार टंडन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में प्रगति टंडन 87 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, रोहन 85 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा याचना चंद्राकर 82 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में दीप्ति 75 प्रतिशत के साथ प्रथम, राहुल यादव 72 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा ममता धीवर 71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में झलक सिन्हा 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, लकी राठी 90 के साथ द्वितीय तथा तन्मय साहू 82 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर एवं परीक्षा प्रभारी व्ही.पद्मावती एवं शाला परिवार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बालाराम साहू ,मोहन भारदीय, एसके सिन्हा, एस मेश्राम, एन खान, व्ही. दुबे, आर देवघरे, बी साहू एवं समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्काउट्स-गाइड्स ने शुरू किया प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद व स्थानीय विकासखंड बालोद द्वारा सेवा कार्य की प्रेरणा को बढ़ाते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान के सामने स्थित सेजेस हिंदी माध्यम बालोद के बगल मे प्याऊ घर आरंभ किया गया।

यह प्याऊ घर स्थानीय स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर तथा लोगों के सहयोग से निरंतर संचालित होता रहेगा, बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजनों को राहत प्रदान करने के लिए सेवा कार्य के रूप में संकल्पित होगा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के पत्र अनुसार एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, पदेन जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले के निर्देशन में तथा जिला सचिव केएल गजेंद्र, जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रेमलता चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्याऊ घर आरंभ किया गया। प्याऊ घर का शुभारंभ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बालोद द्वय मोहनी यादव एवं उमा ठाकुर द्वारा राहगीरों को जल पिलाकर किया गया। प्रथम दिवस पर सेवा कार्य के लिए सेजेस हिंदी माध्यम बालोद प्राचार्य अरुण साहू, बालोद सचिव रूपेन्द्र सिन्हा, संयुक्त सचिव गायत्री साहू, स्वामी विवेकानंद रोवर क्रू सेजस बालोद के रोवर लीडर नेमसिंह साहू के मार्गदर्शन में डोमेन्द्र कुमार, करण बघेल, प्रवीण देवांगन रुबीना, डिंपल गांवरे, कृतिका साहू ने सेवा कार्य किया। इस अवसर पर जिला सचिव केएल गजेंद्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर, वरिष्ठ गाइडर कमला वर्मा, वरिष्ठ स्काउटर एलडी साहू, रोवर लीडर नेमसिंह साहू, विवेक धुर्वे, रूपेंद्र सिन्हा, संयुक्त सचिव गायत्री साहू उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जुन्नापानी, राणाखुज्जी व रानीतराई चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के जुन्नापानी, राणाखुज्जी एवं रानीतराई चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर एफएसटी एवं एसएसटी टीम के कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने चेकपोस्ट में तैनात अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी टीम के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र में प्रतिदिन किए जा रहे रिर्पोटिंग कार्य आदि का अवलोकन किया। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली



प्रत्येक वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूरे समय चौकन्ना रहकर मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिससे की जिले में स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो सके। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नकदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है उसकी रोकथाम भी सुनिश्चित की जा सके। चन्द्रवाल ने अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी जाँच प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराने को कहा।

### बैठे-बैठे अचानक तबीयत बिगड़ी, शिक्षक की मौत

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझर के प्राचार्य मुड़खुसरा निवासी प्रेमप्रकाश ठाकुर (56 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 1 बजे कुर्सी पर बैठे-बैठे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें नगर के शासकीय अस्पताल में लेकर आए। जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विवेचना अधिकारी एएसआई ए. धनेलिया ने परिजन के हवाले से बताया कि वे कुर्सी पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। हार्टअटैक से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**न्यायालय नायब तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईशतहार**

**क्रमांक /761/वाचक/ ना.तह./2023-24**
**गुण्डरदेही दिनांक 27/03/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी सकरौद को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका टेकराम पिता/पति बलद राम जाति तेली निवासी सकरौद तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद द्वारा आवेदक / आवेदिका टेकराम के एकल / संयुक्त नाम पर ग्राम सकरौद प.ह.नं. 13 तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद में स्थित भूमि खसरा नं. 42 रकबा 0.84 हे. कुल खसरा नं. 1 कुल रकबा 01 हे. लगान ...... रूपये से संबंधित किसान किताब कहीं गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति किसान किताब जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, नक्शा खसरा, बी-1 की प्रति, बकाया नही प्रमाण पत्र, चालान की प्रति के साथ पेश किया है साथ थाना रिपोर्ट की प्रति भी संलग्न किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी हितबद्ध व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12-04-2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपना दावा /आपत्ति पेश कर सकते है। नियत समय पश्चात आए दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2024 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी ।
जारी दिनांक : 27-3-24
पेशी दिनांक : 12-4-24

मुहर — **नायब तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, गुरूर जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम पेण्डरवानी को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजकुमार पिता बुधरू जाति केंवट साकिन पेण्डरवानी तहसील गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम पेण्डरवानी प0ह0न0 08 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.न. 662 रकबा 0.14 हे लगान 0.45 रू. की भूमि आवेदक के नाम पर संयुक्त खाता में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका का भाग 01 व 02 कहीं गुम हो गया है। नया ऋणपुस्तिका प्राप्त होने के बाद यदि मुझे पुराना ऋणपुस्तिका प्राप्त हो जाता है, तो मै उनका अन्यत्र उपयोग नहीं करूंगा। आवेदक डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु खाता बी-1 की नकल, थाना रिपोर्ट, नोड्यूस एवं चालान की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो, तो सुनवाई तिथि दिनांक 15/04/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई 'विचार नहीं किया जावेगा !

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार गुरूर**

## खबर संक्षेप



### धनोरा दरबार में जली आस्था की ज्योति

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 166 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। दरबार के लक्ष्मण बाबा व पंडित विनय शर्मा ने विधी विधान से पूजा कर ज्योति कलश स्थापना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। यहां प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक माता सेवा गुलाब साहू एवं हेमंत तेली की मंडली द्वारा की जाएगी। इस बार दरबार में अमेरिका, नागपुर महाराष्ट्र बैंगलोर उतर प्रदेश राजनांदगांव बालोद बेमेतरा रायपुर धमतरी दुर्ग सहित अनेक स्थानों के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मनोकामना पूर्ति के लिए ज्योति कलश की स्थापना करवाई है।

### एसपी भगत ने झलमला में व्यवस्था का लिया जायजा



**बालोद।** पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर भगत ने नवरात्रि पर्व में पुलिस की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के तारतम्य में झलमला के गंगा मैया मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आने-जाने की व्यवस्था, मेला प्रांगण का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी बालोद कूमेंदी सिंह राठौड़, निरीक्षक बालोद रविशंकर पांडे एवं गंगा मैया ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

### बेलौदी स्कूल में हर्षा व डोमेंद्र प्रथम



**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम 9 अप्रैल को घोषित किए गए। इसमें कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 56.41 तथा ग्यारहवीं का 91 प्रतिशत रहा। कक्षा नवमी में हर्षा 89 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा कशिश ने 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा मुस्कान ने 86.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में डोमेंद्र कुमार साहू गणित संकाय 90.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, तुलेश यादव गणित संकाय 81.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा सानिया जीवविज्ञान संकाय 80.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ज्योति सोनी प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी ईश्वरी साहू प्रीति साहू खोमन लाल साहू ओमप्रकाश ठाकुर ईश्वरी ठाकुर तथा आशीष कुर्रे ने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**पर्व : मंगलवार को चैत्र प्रतिपदा के साथ हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि की हुई शुरुआत**

# ज्योति-जंवारा के साथ शक्ति की भक्ति में डूबा अंचल










हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को चैत्र प्रतिपदा के साथ ही हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि की शुरुआत हो गई। इसके साथ ही देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त पर मंत्रोच्चारण कर ज्योतिकलश की स्थापना की गई और दीप प्रज्ज्वलित किए गए। जिले के प्रसिद्ध गंगा मैया मंदिर में 900 ज्योतिकलश स्थापित किए गए। वहीं, सियादेवी मंदिर, रानीमाई मंदिर सहित शहर के शीतला मंदिर, चंडी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर व अन्य देवी मंदिरों में हजारों ज्योतिकलश का शुभ मुहूर्त पर स्थापना कर दीप प्रज्ज्वलित किए गए। आस्था के जोत आगामी 9 दिनों तक मंदिरों में निरंतर जगमगाते नजर आएंगे। नवरात्रि के पूरे 9 दिनों तक रोजाना आस्था का केंद्र गंगा मैया मंदिर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। ऐसे में दर्शनार्थियों के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है, वहीं किसी भी तरह के भगदड़ की स्थिति न हो इसके लिए 50 से अधिक पुलिस बल यहां तैनात रहेंगे। शहर में जगह जगह स्थित देवी मंदिरों में भी ज्योतिकलश की स्थापना की गई है, जहां शाम से लेकर देर रात तक जसगीत सेवा भजन कीर्तन होता रहा।

- गंगा मैया मंदिर में 900 ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित

### श्रद्धालुओं के लिए होंगे अनेक कार्यक्रम

गंगा मैया मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न तरह के रंगमंचीय कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जहां 15 से अधिक टोलियों द्वारा जसगीत, रामधुनी फाग कीर्तन व छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत का कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित होगा।

### शीतला मंदिर में 100 ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित

गंगा मैया मंदिर के पीछे स्थित तालाब जहां नवरात्रि पर्व के बाद ज्योति जंवारा का विसर्जन इसी तालाब में किया जाता है। इस तालाब के नजदीक बने शीतला मंदिर में पहली बार 100 ज्योतिकलश स्थापित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया है। गंगा मैया मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पूरी विधि विधान से ज्योतिकलश की स्थापना की गई है।

### निःशुल्क महाप्रसादी सेवा की हुई शुरुआत



**बालोद।** जिले के तीर्थ स्थल मां गंगा मईया झलमला में आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा पिछले शारदीय नवरात्रि की भांति इस वर्ष बासंती नवरात्रि में निःशुल्क महाप्रसादी सेवा का शुभारंभ किया गया है। समिति के अध्यक्ष नदी वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि मंदिर सेवा समिति के उपाध्यक्ष रमेश कुमार रावते, पुस्कर सिंह राजपूत, मुरलीधर साहू, बहुर सिंह साहू, भुनेश्वर कौशिक, संतराम साहू, योगेश्वर यादव सहित सदस्यों ने मां गंगा मईया, हनुमान जी की पूजा दीप प्रज्ज्वलित करके और सनातन संस्कृति की परंपरा अनुसार माता जी और गौ माता को भोग लगाकर सेवा की शुरुआत की। प्रथम दिवस लगभग 700 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा सनातन धर्म की सेवा परंपरा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## झलमला में नवरात्रि को लेकर मार्ग परिवर्तित



**बालोद।** चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मार्ग परिवर्तित किया गया है। गंगा मैय्या झलमला मंदिर झलमला से गुजरने वाले बड़ी माल वाहक चालकों से परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने अपील की गई है। गंगा मैय्या मंदिर झलमला में चैत्र नवरात्रि पर्व 09 से 17 अप्रैल तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होना है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम नगारिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए रूट डायवर्सन चार्ट बनाया गया है।

रूट डायर्वन के तहत धमतरी तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन धमतरी–गुरूर–झलमला तिराहा–पड़कीभाठ बायपॉस–पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। दुर्ग से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन दुर्ग–गुण्डरदेही–पड़कीभाठ–बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। राजहरा की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजहरा–कुसुमकसा–बटेरा चौक लोहारा–पाररास बायपॉस–पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव–लोहारा–बटेरा चौक–पाररास बायपॉस–पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। दर्शनार्थियों एवं आम जनता से बालोद पुलिस की अपील निर्धारित स्थानों में वाहन पार्किंग करें, निर्धारित पार्किंग स्थानों में ही वाहन पर्किंग कर सवारी उतारें। मालवाहक वाहन चालक परिचालक एवं मालिक परिवर्तित मार्ग का ही उपयोग करें, यातायात व्यवस्था बनाने एवं शांतिपूर्ण तरीके से चौत्र नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही किसी विषम परिस्थितियों में पुलिस कंट्रोल रूम बालोद 94791–91160, यातायात कार्यालय बालोद 77492–23817 का नंबर जारी कर संपर्क करने को कहा गया है।

### अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए पार्किंग स्थल

वाहन चालकों एवं श्रद्धालुओं के लिए 04 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाया गया है। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों पुलिस कॉलोनी परिसर झलमला में पार्किंग करेंगे। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों झलमला बाजार चौक में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन सिवनी मैदान पार्किंग एवं बालोद बाजार हीरापुर जाने मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे।

## साधकों ने चैत्र नवरात्रि पर 24 हजार गायत्री महामंत्र जाप का लिया संकल्प





**डौंडीलोहारा।** गायत्री परिवार के साधकों ने विगत दिनों गोष्ठी में लिये गए निर्णय के तहत चैत्र नवरात्रि पर्व का प्रारंभ गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में घी की एक ज्योति प्रज्ज्वलित करने का निर्णय लिया गया तथा गायत्री साधकों ने 24000 गायत्री महामंत्र जाप का अनुष्ठान का संकल्प लिया।

जिसमें प्रतिदिन साधक गायत्री महामंत्र का 27 माला प्रतिदिन जाप करेंगे। वेद में गायत्री मंत्र की महत्ता के बारे में बताया गया है कि गायत्री वह महाशक्ति है जिसकी साधना करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त कर सकता है, गायत्री अनुष्ठान करने वाले मनुष्य में निरंतर ऐसी सूक्ष्म एवं चैतन्य विद्युत धारा संचालित होने लगती है, जो मन बुद्धि चित में अपना सूक्ष्म प्रभाव डालती है, गायत्री साधना से हमारी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। सदैव की तरह चैत्र नवरात्रि पर्व पर अनुष्ठान का संरक्षण व त्रुटि परिमार्जन परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा किया जाता है। गोवर्धन उर्वशा, लूनकरण ठाकुर, केशव राम कुलदीप, दौलत राम साहू, वारूणी दिल्लीवार, लता देवी साहू, जागेश्वर कारते, सेवा मंडावी, भोला राम साहू, मिलन सिन्हा, पुराणिक सोरी, विशम्भर बघमरिया, प्रज्ञानंद बघमरिया, वीरेंद्र साहू, राजू साहू, कैलाशनाथ साहू,पीलू साहू, नागदंत नेताम, कुमार सहारे, प्रेम सिंह कोलियारे, ओमप्रकाश साहू, रंजन पटेल, विदेशी राम चौहान ने लघु अनुष्ठान करने का संकल्प लिया।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में दीप प्रज्ज्वलित



**गुरूर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं पंडित श्रीराम शर्मा, माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ हरिकृष्ण गंजीर, रेणुका गंजीर थे, कार्यक्रम का संचालन डॉ गोपाल साहू ने किया और सबसे अपील की कि इसी तरह निरंतर मिशन की गतिविधियों में अपनी भागीदारी करते रहे। इस अवसर पर डॉ डीएल गंजीर, डॉ गोपाल साहू, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, धना राम साहू, शंकर लाल साहू, गणेश राम साहू, अनुसूईया साहू, ऊषा गंजीर, रेणुका गंजीर, जोहनी साहू, दानवीर नायक, सोनिया साहू, दीपक साहू एवं गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा के सभी परिजन उपस्थित थे।

## प्रेरणा उत्सव में छात्रों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




सेजस विद्यालय दुधली के प्राचार्य श्रीमती डीएन यादव के मार्गदर्शन में प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में नयी शिक्षा नीति 2020 में निर्धारित मूल्यों के अनुरूप भारत की विविधता में एकता, वसुदेव कुटुंबकम् और मूल्य पर आधारित शिक्षा का समावेश किया गया है।

प्रेरणा उत्सव कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है। यह गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में आयोजित होगा। इसके तहत 8 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर दो विद्यार्थियों एक छात्र व छात्रा का चयन किया गया। प्रेरणा हेतु मेरा चयन क्यों किया जाए, भारत के लिए मेरा विज़न क्या है, विकसित भारत हेतु मेरी संकल्पना विषय पर विभिन्न प्रतियोगता में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। जिसमें छात्र तीरथ कुमार 12वीं, छात्रा धनिका देशमुख 10वीं का चित्रकला में चयन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

**लगातार बढ़ रही कुत्तों की संख्या**

## आवारा कुत्तों के काटने से हुई मौत तो नगरीय निकाय होगा जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर सहित शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। इसे नियंत्रित करने के लिए दल्लीराजहरा नगरीय निकाय के द्वारा कई तरह के प्रयास जतन किए गए, किन्तु आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित नहीं किया जा सका।

यही वजह है कि हर माह औसतन करीब 4-5 लोग आवारा कुत्तों के शिकार बन रहे हैं। गौरतलब है कि हाल में ही आवारा कुत्तों के काटने से मौत के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि आवारा कुत्तों से मौत होने पर इसकी नगरीय निकाय जिम्मेदार होगी। वहीं, इसके अनुपालन में नगरीय प्रशासन विभाग, नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत को आदेश निर्देश भी जारी किए गए हैं। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आवारा कुत्तों के काटने के लिए नगर पालिका जिम्मेदार होंगे। जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में हर महीने आवारा कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं।

**आवारा कुत्तों के काटने**

पिछले कुछ माह से आवारा कुत्तों के काटने की संख्या बढ़ गई है। इसे नियंत्रित करना आवश्यक है। आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है।

**डा शैबाल जाना,**
चिकित्सक, शहीद अस्पताल

**की जा रही मानिटरिंग**

न्यायालय के आदेश का पालन किया जाएगा। लगातार मानिटरिंग की जा रही है।

**- रामाकांत साहू,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी




### दुर्घटना में युवक की मौत

**भिलाई।** कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौक पर मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।




**झेरिया गड़रिया धनकर समाज के अधिवेशन में शामिल हुए विधायक ललित**

## जब सभी समाज मजबूत होंगे, तभी राज्य व देश मजबूत होगा

हरिभूमि न्यू.ज ▶▶| अंडा





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम आमटी में झेरिया गड़रिया धनकर समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ। समारोह में सांसद व लोक सभा प्रत्याशी विजय बघेल तथा विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में झेरिया गड़रिया(धनकर) समाज की एक अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि जब सभी परिवार और समाज आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, तभी छत्तीसगढ़ और देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने राज्य की विष्णु देव सरकार एवं केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, यही हमारा प्रयास है। उन्होंने गड़रिया समाज के युवाओं को परंपरागत व्यवसाय को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर समाज की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आमटी सरपंच घनश्याम साहू, अध्यक्षता उत्तम धनकर, पोखन पाल, रामकुमार धनकर, शैलेन्द्र धनकर, किशन गड़रिया, जैनलाल धनकर, रेखराम गड़रिया, रामसिंह धनकर, राजा राम धनकर,हेमनाथ धनकर, घासीराम पाल, हेमचंद धनकर, मोहन पाल एवं समस्त झेरिया गड़रिया धनकर समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

